# NATIONAL SERVICE SCEME

## 7 DAYS SPECIAL UNIT CAMP

### *VILLAGE- BANA, BLOCK- DHARSIWA, DISTT-RAIPUR(CG)*

***SESSION - 2024-25***

**Organized By - Swami Aatmanand Govt. English Medium Model College Atari Raipur**

PROGRAM OFFICER
**PRADEEP KANT KHARE**

PRINCIPAL
**DR. SAMRENDRA SINGH**

# Notice

Office of the Principal, Swami Atmanand Govt. English Medium Model College, Atari Raipur (C.G.)

Ph. No.- 07716637797 Web Site- www.gmcraipur.ac.in Email- nmdcraipur@gmail.com

Date: 02/12/2024

## Notice

All the students studying in the college are informed that a seven-day special camp is being organized under the National Service Scheme unit in Village Bana, Block-Dharsiva, District-Raipur from 16.12.2024 to 22.12.2024. All the interested National Service Scheme volunteers who want to join this camp can register their name with Shri Pradeepkant Khare, National Service Scheme Programe officer.

Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng.
Med. Modal College Atari
Raipur (C.G.)

Principal
Swami Atmanand Govt. Eng. Medium
Model College, Atari Raipur

# Participants List

SWAMI ATMANAND GOVT ENGLISH MEDIUM MODEL COLLEGE ATARI, RAIPUR

| List of students who have attended 07 days NSS Special Camp at village Bana from 16/12/2024 to 22/12/2024. | | |
|---|---|---|
| SR. NO. | NAME | CLASS |
| 1 | Sakshi Dewangan | B.Sc. I sem. |
| 2 | Deepti Nayak | B.Sc. I sem. |
| 3 | Khushi Sahu | BCA. I sem. |
| 4 | Parul Sahu | B.Sc. I sem. |
| 5 | Usha Maheshwari | B.Sc. I sem. |
| 6 | Hema Yadav | B.Sc. I sem. |
| 7 | Pooja Nishad | B.Sc. I sem. |
| 8 | Priti Deshlahre | B.Sc. I sem. |
| 9 | Manisha Sahu | B.Sc. III (Passout) |
| 10 | Namrata Sahu | B.Sc. III (Passout) |
| 11 | Tarun Singh | B.Com. I sem. |
| 12 | Dharmendra Nishad | B.Sc. I sem. |
| 13 | Keshav Yadav | B.Sc. I sem. |
| 14 | Neeraj Dhruw | B.Sc. I sem. |
| 15 | Shivam Kumar Pandey | BCA. II |
| 16 | Antaryami Barik | BCA. II |
| 17 | Punendra Sahu | B.Com. II |
| 18 | Bittu Yadav | BCA. I sem. |
| 19 | Prithvee Tiwari | B.Com. II |
| 20 | Praphull Sahu | B.Com. II |
| 21 | Kunal Dilliwar | BCA. I sem. |
| 22 | Alok Bharti | B.Sc. I sem. |
| 23 | Baldev Markam | B.Sc. I sem. |
| 24 | Vansh Verma | BCA. II |
| 25 | Madhu Verma | B.Com. I sem. |

Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng.
Med. Modal College Atari
Raipur (C.G.)

Principal
Swami Atmanand Govt.
English Medium Model College Atari
Distt.-Raipur (C.G.)

# First Day Memories











# First Day Report

Page No.
Date

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
ग्राम- बाना, वि.ख.- धरसींवा, रायपुर
16-22 दिसम्बर 2024

प्रथम दिवस विवरण 16.12.24

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस पर सर्वप्रथम महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. समरेन्द्र सिंह जी के शुभकामनाओं के साथ शिविर स्थल ग्राम बाना, वि.ख. धरसींवा, जिला-रायपुर के लिए प्रस्थान किया गया। शिविर स्थल पहुँचने के पश्चात रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा भोजन तैयार करने हेतु किचन स्थल की साफ-सफाई कर किचन में भोजन बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया एवं कुछ स्वयंसेवकों द्वारा मंच सज्जा का कार्य किया गया। सायंकाल में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह रखा गया जिसमे ग्राम बाना के उप-सरपंच श्री टाहल राम साहू जी को आमंत्रित किया गया था। श्री टाहल राम साहू जी द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में ही सभी रासेयो स्वयंसेवकों को दल नायक अंतर्यामी बारिक के द्वारा रासेयो दिनचर्या के बारे में जानकारी दी गई जिसके पश्चात उद्घाटन सत्र की समाप्ति की गई। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में कुल 23 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए हैं जो सात दिन तक ग्राम बाना में ही रहकर शिविर का लाभ लेंगे।

अंतर्यामी बारिक
(दल नायक)

Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng.
Med. Modal College Atari
Raipur (C.G.)

# Second Day Memories












# Second Day Report

Page No.
Date

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
ग्राम-बाना, वि.ख.-धरसींवा, रायपुर
16-22 दिसम्बर 2024

द्वितीय दिवस विवरण 17.12.24

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर प्रातःकाल 6 बजे प्रभातफेरी के साथ शुरुआत की गई जिसमे सभी स्वयंसेवक गाँव के बस्तियों में नारे लगाते हुए, गीत गाते हुए ग्राम भ्रमण किए। प्रभातफेरी से लौटने के बाद योगा व ध्यान किया गया। द्वितीय दिवस में मुख्य रूप से परियोजना कार्य में आस-पास की साफ-सफाई की गई साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा मंच सज्जा का कार्य भी किया गया। दोपहर भोजन के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा सत्र में महाविद्यालय के ही सहा.प्राध्यापक डॉ. जयेश करंजगाँवकर जी को आमंत्रित किया गया था जहाँ उनके द्वारा Digital Literacy एवं Numerology विषय पर अपनी बात रखी साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि सफलता प्राप्त करना है तो HAM का ~~उसका~~ उपयोग करना होगा, HAM अर्थात Habit, Action एवं Mindset है। सायंकाल में ग्रामीण बच्चों के साथ स्वयंसेवकों ने देशी खेलकूद खेला और उन्हे रामेयो खेलों से अवगत भी कराया। स्वयंसेवकों द्वारा आगे के दिनों में किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की गई जिसके बाद रात्रि में सभी ने भोजन किया और फिर समीक्षा बैठक भी की गई।

[signature]
अंतर्यामी कारिक
(दल नायक)

[signature]
Programme Officer (NSS)
Swami A... ...ovt. Eng.
Med. Modal College Atari
Raipur (C.G.)

# Third Day Memories












# Third Day Report

Page No.
Date

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
ग्राम-बाना, वि.ख.-धरसीवां, रायपुर
दिनांक 16-22 दिसम्बर 2024

तृतीय दिवस विवरण 18.12.24

राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, अटारी रायपुर द्वारा ग्राम बाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस की शुरुआत शिविर दिनचर्या का पालन करते हुए प्रभातफेरी के साथ की गई। तत्पश्चात व्यायाम, परेड एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रातः 8 से 9 बजे तक नाश्ते के बाद परियोजना कार्य प्रारंभ किया गया जिसमें शिविर स्थल के आस-पास में फैले पाऊच, पन्नी, पालिथीन को एकत्रित कर एक निश्चित जगह में डाला गया। दोपहर के भोजन के बाद बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में स्वयंसेवकों के कैरियर मार्गदर्शन हेतु भारतीय वायु सेना रायपुर इकाई से श्री संजय साहू जी को आमंत्रित किया गया जहाँ पर उन्होंने बताया के कैसे भारतीय वायु सेना से जुड़ा जा सकता है और किस तरह से भारतीय वायु सेना में भर्ती होती है साथ ही उन्होंने बताया कि जीवन में अनुशासन का क्या अर्थ है और क्या महत्व है। इस सत्र में स्वयंसेवकों ने भी अपने प्रश्न रखे जिसका उत्तर उन्हें श्री संजय जी द्वारा दिया गया। सायंकाल में चाय के बाद देशी खेलकूद स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण बच्चों के साथ खेला गया एवं स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम संपर्क भी किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया व 'मोबाइल की लत' विषय पर नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

अंतर्यामी बारिक
(दल नायक)

Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng. Med. Modal College Atari
Raipur (C.G.)

# Fourth Day Memories










# Fourth Day Report

Page No.
Date

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
ग्राम-बाना, वि.ख.-धरसींवा, रायपुर
16-22 दिसम्बर 2024

चतुर्थ दिवस विवरण 19.12.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस पर प्रातःकाल में स्वयंसेवकों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई गांव के गलियों में और प्रभातफेरी से वापस लौटने के बाद सभी के द्वारा पीटी, परेड व ध्यान किया गया। इस समय तक स्वयंसेवकों के एक दल द्वारा नाश्ता बनाया एवं 8 बजे सभी ने नाश्ता किया जिसके बाद परियोजना कार्य में गाँव साफ-सफाई करते हुए ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि गाँव में स्वच्छता बनाए रखना है जिससे कि स्वस्थ जीवन बना रहे। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक भोजन के बाद स्वयंसेवकों द्वारा बौद्धिक परिचर्चा की तैयारी की गई। तत्पश्चात बौद्धिक परिचर्चा सत्र में जहाँ पर रायपुर जिला के राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक श्री सुनील तिवारी जी को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने रासेयो स्वयंसेवकों के समक्ष 'डिजिटल लिटरेसी' व 'माइ भारत पोर्टल' पर अपनी बात रखी। उनके द्वारा बताया कि डिजिटल लिटरेसी के माध्यम से हम अपने जीवन को सहज व सरल बना सकते हैं। इस विषय को समझाते हुए उन्होंने बताया मोबाईल, कम्प्यूटर, आदि के माध्यम से जब इंटरनेट का उपयोग किया जाता है और इसकी समझ व जानकारी जब लोग प्राप्त करते हैं तो इसे डिजिटल लिटरेसी कहा जाता है। इसकी जानकारी गाँव गाँव में एन.एस.एस के माध्यम से फैलाया जाए तो यह एन.एस.एस. की एक बड़ी उपलब्धि होगी और इसके लिए उन्होंने सभी रासेयो स्वयंसेवकों से आग्रह भी किया। सायंकाल में ग्रामवासियों के शिविर स्थल में मौजूद शीतला माता मंदिर में सेवा गीत का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सभी स्वयंसेवक व कार्यक्रम अधिकारी भी सम्मिलित हुए जिसके बाद भोजन कर समीक्षा बैठक रखा गया। समीक्षा के बाद सभी विश्राम को चले गए।

(हस्ताक्षर)
अंतर्यामी जारिक
(दल नायक)

(हस्ताक्षर)
Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng.
Med. Model College Atari
Raipur (C.G.)

# Fifth Day Memories









# Fifth Day Report

Page No.
Date

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
ग्राम-बाना, वि.ख.-धरसींवा, रायपुर
16-22 दिसम्बर 2024

पंचम दिवस विवरण 20.12.24

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष के पाँचवे दिवस की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ की गई जहां से लौटने के बाद स्वयंसेवकों द्वारा योगा, पीटी व ध्यान किया गया। परियोजना कार्य के दौरान एक बार फिर पाऊच व पॉलिथीन एकत्रित करने का कार्य किया गया। शिविर स्थल पर एक बड़े मात्रा में डीसपोजल फैला हुआ था जिसे एकत्रित किया गया। दोपहर भोजन के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेन्द्र सिंह जी मौजूद रहे जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व महत्व को स्वयंसेवकों के समक्ष रखा। उन्होंने ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर पूर्व में संचालित गुरुकुल की तरह कार्य करता है जहां छात्र-छात्राएँ घर से बाहर रहकर ग्रामीण परिवेश में समाज से जुड़कर अपना बौद्धिक विकास कर पाते हैं और नैतिक जिम्मेदारियों को समझ पाते हैं। इस सत्र के बाद शाम में देशी व रासेयो खेलों का आयोजन किया गया जिसके बाद स्वयंसेवकों ने ग्राम संपर्क कर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया। रात्रिकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों के साथ-साथ ग्राम के नन्हे बच्चों ने भी हिस्सा लिया। रात्रि भोजन के बाद समीक्षा बैठक रखी गई जहां पर स्वयंसेवकों ने दिन भर के कार्यों का उल्लेख किया जिसके बाद सभी विश्राम को चले गए।

(signature)
अंतर्यामी बारिक
(दल नायक)

(signature)
Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng.
Med. Model College Atari
Raipur (C.G.)

# Sixth & Seventh Day Memories











# Sixth & Seventh Day Report

Page No.
Date

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
ग्राम-बाना, वि.ख.-धरसींवा, रायपुर
16-22 दिसम्बर 2024

→—→—→—→—→—→—

छठवाँ व सातवा दिवस विवरण
21.12.24 व 22.12.24

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर प्रातःकाल गाँव के गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें ग्रामवासियों को कई विषयों पर नारे के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया। प्रभातफेरी से लौटने के बाद ध्यान का सत्र रखा गया जिसमें स्वयंसेवकों ने हिस्सा लेकर ध्यान का लाभ लिया जिसके बाद नाश्ता कर स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं श्रमदान किया गया। इसी दौरान एक दल द्वारा मंच सज्जा का कार्य किया गया। दोपहर भोजन के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा सत्र में रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल. एस. गजपाल जी मौजूद रहे साथ ही महाविद्यालय की नई प्राचार्य डॉ. अभया जोगलेकर भी मौजूद रहीं। डॉ. गजपाल जी द्वारा स्वयंसेवकों को बताया गया कि किस तरह ग्रामीणों को शिविर के गतिविधियों में शामिल किया जा सकता है साथ ही गाँव के बच्चों को पुष्पगुच्छ देकर और दीपप्रज्वलन में शामिल कर बच्चों में एक नई ऊर्जा भर दी। महाविद्यालय की नई प्राचार्य डॉ. अभया जोगलेकर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ इस तरह के गतिविधियों में पूरे ऊर्जा के साथ हिस्सा लेते रहें। राष्ट्रीय सेवा योजना यह अवसर प्रदान करता है जिससे पढ़ाई के अलावा भी कई सारे बातें सीख सकते हैं। सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ और समीक्षा बैठक के साथ दिनचर्या की समाप्ति की गई।

इस सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें और अंतिम दिवस पर समापन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें ग्राम बाना की सरपंच श्रीमती अर्चना जनक निषाद जी को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रासेयो का यह सात दिवसीय शिविर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर था ग्रामीण परिवेश से जुड़ने का और कार्य करने का। उन्होंने कहा कि ऐसे

Page No.
Date

शिविरों से ग्रामीण भी स्वयं में अभिमान महसूस करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेज द्वारा समय-समय पर आगे भी रासेयो के कार्यक्रम गाँव में आयोजित किए जाएँ साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों और रासेयो को पाऊच व पॉलिथीन एकत्रित कर ग्राम में स्वच्छता का संदेश दिए जाने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। अंत में सरपंच महोदया के हाथों सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। जिसके पश्चात शाम में महाविद्यालय के लिए ग्राम वाना से प्रस्थान किया गया।

अंतर्यामी बारिक
(दल नायक)

Programme Officer (NSS)
Swami Atmanand Govt. Eng.
Med. Model College Atari
Raipur (C.G.)

# Media Coverage

## ग्राम बाना में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर



रायपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा ग्राम बाना धरसींवा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम बाना के उपसरपंच टहलराम साहू द्वारा किया गया। दूसरे दिन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जयेश करंजगांवकर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने डिजिटल लिटरेसी एवं अंक ज्योतिष विषय पर अपनी बात रखी। इस शिविर में दल नायक के रूप में बीसीए द्वितीय के छात्र अंतर्यामी बारिक एवं बीएससी तृतीय की छात्रा प्रीति देशलहरे को बनाया गया है।



## रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

रायपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आनंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी द्वारा धरसींवा के ग्राम बाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को किया गया। इस मौके पर ग्राम की सरपंच अर्चना जनक निषाद ने कहा कि रासेयो का यह सात दिवारीय शिविर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर था ग्रामीण परिवेश से जुड़ने का और वहां कार्य करने का। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण भी स्वयं को ऊर्जावन महसूस करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेज द्वारा आगे भी रासेयो के कार्यक्रम समय-समय पर गांव में आयोजित किए जाएं। इस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रतिदिन अलग- अलग वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था कि विभिन्न विषयों जैसे कि डिजिटल लिटरेसी, न्यूमरोलॉजी कॅरियर मार्गदर्शन आदि पर वक्ताओं ने स्वयंसेवकों के समक्ष अपनी बात रखी। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह, डॉ. अभया जोगलेकर व रासेयो


Thank You